राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

प्रेस नोट

<u>एस.एम.एस. फोन आधारित मतदाता सहायता सुविधा में परिवर्तन के क्रम में</u>

गत विधानसभा आम चुनाव 2013 के दौरान राज्य के मतदाताओं को मतदाता सूची में उनकी प्रविष्टि एवं सम्बन्धित मतदान केन्द्र की जानकारी मोबाइल फोन के एस.एम.एस. के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिये निर्वाचन विभाग द्वारा एस.एम.एस. आधारित VOTERJ सुविधा प्रारम्भ की गई थी। इस सुविधा के अन्तर्गत कोई भी मतदाता अपने मोबाइल के एस.एम.एस. में VOTERJ लिखकर तथा एक स्पेस देकर अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक अंकित कर इस सूचना को 9251092103 पर एस.एम.एस. करता है तो कुछ ही सैकण्ड में उसके मोबाइल पर राज्य की मतदाता सूची में उसकी प्रविष्टि की सम्पूर्ण जानकारी मय उस मतदान केन्द्र के जहॉ उसे मतदान करने जाना है, आ जाती है।

यह सुविधा राज्य के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के लिये उपलब्ध है तथा गत विधानसभा आम चुनाव 2013 एवं लोकसभा आम चुनाव 2014 के दौरान राज्य के मतदाताओं द्वारा इस सुविधा का व्यापक प्रयोग किया गया था।

निर्वाचन विभाग द्वारा यह सुविधा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की राज्य इकाई के सहयोग से उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की केन्द्रीय इकाई द्वारा अब यह सुविधा 9251092103 के स्थान पर अब नये मोबाइल नम्बर 9680999899 पर प्रारम्भ कर दी गई है।

अतः मतदाताओं से अनुरोध है कि मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि एवं मतदान केन्द्र की जानकारी के लिये विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई VOTERJ सुविधा के लिये नये मोबाइल नम्बर 9680999899 का उपयोग करे। मतदाताओं की सुविधा के लिये एस.एम.एस. करने की सामान्य जानकारी विभाग की बेवसाइट http://ceorajasthan.nic.in के होमपेज पर Moblie Based Helpline option पर उपलब्ध है।